सत्यमेव जयते

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

## CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 10/02/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** **निम्नलिखित में से कौन-सा कारक, मुख्य रूप से परमाणु के आमाप को निर्धारित करता है?**

**Ans**
- ✗ A. नाभिक का द्रव्यमान
- ✗ B. प्रोटॉनों की संख्या
- ✗ C. न्यूट्रॉनों की संख्या
- ✔ D. इलेक्ट्रॉनों की संख्या

**Q.2** **किसी यौगिक का आणविक द्रव्यमान 63 u है। यदि इसमें एक हाइड्रोजन परमाणु और तीन ऑक्सीजन परमाणु हैं, तो शेष तत्व का परमाणु द्रव्यमान ____________________ है।**

**Ans**
- ✗ A. 12 u
- ✗ B. 32 u
- ✔ C. 14 u
- ✗ D. 16 u

**Q.3** **यदि किसी चालक के सिरों पर विभवांतर 1 वोल्ट है और उसमें से 1 ऐम्पियर की धारा प्रवाहित होती है, तो उसका प्रतिरोध क्या होगा?**

**Ans**
- ✗ A. 0.5 ओम
- ✗ B. 10 ओम
- ✗ C. 2 ओम
- ✔ D. 1 ओम

**Q.4** **निम्नलिखित में से कौन-सी कोशिका संरचना, अमीबा को उसकी खाद्य सामग्री प्राप्त करने में सहायता करता है?**

**Ans**
- ✔ A. प्लाज्मा झिल्ली
- ✗ B. कशाभिका
- ✗ C. केंद्रकीय झिल्ली
- ✗ D. पक्ष्माभिका

**Q.5** **वेग v से गतिमान m द्रव्यमान की किसी वस्तु की गतिज ऊर्जा 25 J है। जब इसका वेग बढ़ाकर तीन गुना (3v) कर दिया जाए तो इसकी गतिज ऊर्जा कितनी होगी?**

**Ans**
- ✗ A. 150 J
- ✗ B. 125 J
- ✔ C. 225 J
- ✗ D. 75 J

**Q.6** अम्ल-क्षारक अभिक्रियाओं में निम्नलिखित में से क्या घ्राण सूचक (olfactory indicator) के रूप में कार्य करता है?

**Ans**

✗ A. हल्दी क्षारकों में नीली हो जाती है

✗ B. मेथिल ऑरेंज क्षारकों में गंध उत्पन्न करता है

✓ C. प्याज का अर्क (extract) क्षारकों में गंध बदल देता है

✗ D. फ़ीनॉलफ्थेलिन अम्लों में गुलाबी हो जाता है

**Q.7** जैविक आवर्धन द्वारा पीड़कनाशियों की अधिकतम सांद्रता किस पोषण स्तर में पाई जाती है?

**Ans**

✗ A. प्राथमिक उपभोक्ता (Primary Consumer)

✗ B. द्वितीयक उपभोक्ता (Secondary Consumer)

✗ C. उत्पादक (Producer)

✓ D. तृतीयक उपभोक्ता (Tertiary Consumer)

**Q.8** महिलाओं में निषेचन सामान्यतः प्रजनन तंत्र के किस हिस्से में होता है?

**Ans**

✓ A. डिंबवाहिनी नली

✗ B. गर्भाशय

✗ C. अंडाशय

✗ D. योनि

**Q.9** एकसमान त्वरण के लिए v–t ग्राफ में, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही नहीं है?

**Ans**

✗ A. v–t ग्राफ के नीचे का क्षेत्रफल विस्थापन देता है।

✗ B. v–t ग्राफ की प्रवणता नियत होती है।

✓ C. v–t ग्राफ सदैव वक्रित होता है।

✗ D. धनात्मक प्रवणता त्वरण को इंगित करती है।

**Q.10** यदि मुख्य अक्ष के समांतर प्रकाश की कई किरणें एक उत्तल लेंस पर पड़ रही हैं, तो अपवर्तित किरण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

**Ans**

✓ A. वे लेंस के विपरीत पक्ष में एक बिंदु पर अभिसरित होती हैं।

✗ B. वे अनंत पर मिलती हैं।

✗ C. वे मुख्य फोकस से आती हुई प्रतीत होती हुई अपसरित होती हैं।

✗ D. वे बिना किसी विचलन के गुजर जाती हैं।

**Q.11** प्रतिस्थापन अभिक्रिया में ______________________ शामिल होता हैं।

**Ans**

✓ A. एक परमाणु या परमाणुओं के समूह को दूसरे से प्रतिस्थापित किया जाना

✗ B. सरल अणुओं के निर्माण के लिए परमाणुओं को हटाना

✗ C. कार्बन परमाणु का हाइड्रोजन परमाणु से प्रतिस्थापन

✗ D. दोहरे आबंध वाले अणुओं में परमाणुओं का जुड़ना

**Q.12** जब लोहे के बुरादे को सल्फर पाउडर के साथ मिलाया जाता है और मिश्रण को गर्म किया जाता है, तो आयरन सल्फाइड नामक एक काला पदार्थ बनता है। परिवर्तनों का सबसे सटीक वर्णन इनमें से किस कथन में मिलता है?

**Ans**

✗ A. लोहा सल्फर में घुल जाता है और एक विलयन बनाता है।

✗ B. पदार्थों को मिश्रित करने मात्र से ही भौतिक परिवर्तन होता है।

✓ C. रासायनिक परिवर्तन के परिणामस्वरूप एक नया पदार्थ बनता है।

✗ D. एक उत्क्रमणीय भौतिक परिवर्तन होता है।

**Q.13** यदि प्रकाश की तरंगदैर्ध्य 600 nm है और उसकी चाल $3 \times 10^8$ m/s है, तो आवृत्ति लगभग ________ होगी।

**Ans**

- ✗ A. $6 \times 10^{10}$ Hz
- ✗ B. $2 \times 10^{12}$ Hz
- ✓ C. $5 \times 10^{14}$ Hz
- ✗ D. $3 \times 10^8$ Hz

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सा उपकरण, आर्किमिडीज के सिद्धांत पर कार्य करता है?

**Ans**

- ✓ A. उत्प्लव-घनत्वमापी (Hydrometer)
- ✗ B. तुंगतामापी (Altimeter)
- ✗ C. निर्द्रव वायुदाबमापी (Aneroid barometer)
- ✗ D. रक्तदाबमापी (Sphygmomanometer)

**Q.15** कश्मीर क्षेत्र में निम्नलिखित में से कौन-सी मत्स्य उत्पादन विधियाँ अपनाई जाती हैं?

**Ans**

- ✗ A. समुद्री मत्स्यकी (Marine Fisheries)
- ✓ B. जलकृषि (Aqua Culture)
- ✗ C. खारा जल मत्स्यकी (Brackish Water Fisheries)
- ✗ D. मोती कृषि (Pearl Culture)

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन मानव पुरुषों में लैंगिक परिपक्वता का भाग माना जा सकता है?

**Ans**

- ✓ A. आवाज का भारीपन (Cracking of voice)
- ✗ B. कूल्हों में वसा का जमाव (Deposition of fat in hips)
- ✗ C. ऊंचाई में वृद्धि (Increase in height)
- ✗ D. वजन में वृद्धि (Increase in weight)

**Q.17** यशदलेपन (Galvanisation), लोहे पर ____________ की पतली परत चढ़ाकर उसको जंग से सुरक्षित करता है।

**Ans**

- ✗ A. केवल सिल्वर धातु
- ✗ B. केवल कॉपर धातु
- ✓ C. केवल जिंक धातु
- ✗ D. केवल निकल धातु

**Q.18** विद्युत अपघटन द्वारा धातुओं के शोधन के दौरान प्रयुक्त विद्युत अपघट्य का आवश्यक गुण क्या है?

**Ans**

- ✗ A. इसमें जल और उदासीन तेल की एक परत दोनों शामिल होनी चाहिए
- ✗ B. इसे विद्युत रासायनिक प्रक्रिया के दौरान कुशलतापूर्वक ऊष्मा का चालन करना चाहिए
- ✗ C. पूरी प्रक्रिया के दौरान इसे पूरी तरह से गैर-प्रतिक्रियाशील रहना चाहिए
- ✓ D. यह किसी उपयुक्त धातु लवण का जलीय या पिघला हुआ घोल होना चाहिए

**Q.19** पत्तियों में किस कोशिका अंगक में प्रकाश संश्लेषण के लिए आवश्यक पर्णहरित होता है?

**Ans**

- ✗ A. रसधानी
- ✗ B. केंद्रक
- ✓ C. हरितलवक
- ✗ D. माइटोकॉन्ड्रिया

**Q.20** जब कोई व्यक्ति भूमि पर स्थिर खड़ा होता है, तो पृथ्वी द्वारा व्यक्ति पर लगाया गया गुरुत्व बल (क्रिया) और भूमि द्वारा व्यक्ति पर लगाया गया अभिलंब बल (प्रतिक्रिया) बराबर और विपरीत होते हैं। क्या न्यूटन के तृतीय नियम के अनुसार यह क्रिया-प्रतिक्रिया युग्म है?

**Ans**

- ✗ A. नहीं, क्योंकि दोनों बल अलग-अलग वस्तुओं पर कार्य करते हैं।
- ✓ B. नहीं, क्योंकि दोनों बल समान वस्तु पर कार्य करते हैं।
- ✗ C. हां, क्योंकि दोनों बल परिमाण में बराबर और विपरीत हैं।
- ✗ D. हां, क्योंकि ये एक-दूसरे को संतुलित करते हैं, गति को रोकते हैं।

Q.21 एकसमान चुंबकीय क्षेत्र में रखे धारावाही चालक पर लगने वाले बल का परिमाण किस स्थानिक स्थिति में सर्वाधिक पाया जाता है?

Ans
✔ A. जब धारा और क्षेत्र एक दूसरे के लंबवत हों।
✘ B. जब धारा चुम्बक के दक्षिणी ध्रुव की ओर प्रवाहित हो।
✘ C. जब धारा और क्षेत्र समानांतर हों।
✘ D. जब धारा में तात्कालिक परिवर्तन हो।

Q.22 एक वस्तु को 40 cm फोकस दूरी वाले एक उत्तल लेंस के बाईं ओर 80 cm की दूरी पर रखा गया है। लेंस के दाईं ओर स्क्रीन को कहाँ रखा जाना चाहिए. ताकि बनने वाला प्रतिबिंब वास्तविक, उल्टा और समान आकार का हो?

Ans
✘ A. स्क्रीन को लेंस से 20 cm और 40 cm के बीच कहीं भी रखा जाना चाहिए।
✘ B. स्क्रीन को लेंस से 40 cm की दूरी पर रखा जाना चाहिए।
✔ C. स्क्रीन को लेंस से 80 cm की दूरी पर रखा जाना चाहिए।
✘ D. स्क्रीन को लेंस से 40 cm और 80 cm के बीच कहीं भी रखा जाना चाहिए।

Q.23 निम्नलिखित पौधों को उनके बीज परिक्षेपण की सही तरीकों से सुमेलित कीजिए।

| कॉलम A | कॉलम B |
|---|---|
| 1. डंडेलियन्स | a. जल |
| 2. कमल | b. विस्फोट |
| 3. आम | c. पवन |
| 4. कैस्टर | d. जंतु |

Ans
✘ A. 1 – a, 2 – d, 3 – b, 4 – c
✔ B. 1 – c, 2 – a, 3 – d, 4 – b
✘ C. 1 – b, 2 – a, 3 – d, 4 – c
✘ D. 1 – c, 2 – d, 3 – a, 4 – b

Q.24 निम्नलिखित में से कौन-सा हरितलवक और माइटोकॉन्ड्रिया (Mitochondria) के बीच समानता को निरूपित करता है?

Ans
✘ A. दोनों प्रकाश संश्लेषण करते हैं।
✘ B. दोनों में क्लोरोफिल होता है।
✘ C. दोनों श्वसन करते हैं।
✔ D. दोनों में अपना स्वयं का DNA और 70S राइबोसोम होता है।

Q.25 कॉपर सल्फेट विलयन में लोहे की कील डुबोने पर उसका नीला रंग फीका क्यों पड़ जाता है?

Ans
✘ A. कॉपर सल्फेट विघटित हो जाता है
✘ B. तांबा जल में विलीन हो जाता है
✔ C. कॉपर सल्फेट, आयरन सल्फेट में परिवर्तित हो जाता है
✘ D. आयरन सल्फेट रंगहीन होता है

## Section : Mathematics

Q.26 $\dfrac{(p-q)^3+(q-r)^3+(r-p)^3}{(p-q)(q-r)(r-p)}$ को सरल कीजिए।

Ans
✘ A. (p – q)
✘ B. 1
✘ C. pqr
✔ D. 3

Q.27 2% और 21% की क्रमिक छूट किस एकल छूट के बराबर है?

Ans

✔ A. 22.58%

✗ B. 24.52%

✗ C. 23.24%

✗ D. 26.37%

Q.28 यदि $2^{3y + \times} = 16$ और $2^{2}y^{- \times} = 64$ है, तो y का मान कितना है?

Ans

✗ A. $3$

✔ B. $2$

✗ C. $1$

✗ D. $-2$

Q.29 एक खोखले बेलनाकार पाइप का बाह्य और आंतरिक व्यास क्रमशः 10 cm और 6 cm है। यदि इसकी लंबाई 21 cm है, तो इसका संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 472π cm2

✗ B. 154π cm2

✗ C. 168π cm2

✔ D. 368π cm2

Q.30 किन्हीं आंकड़ों का बहुलक और माध्यिका क्रमशः 46.2 और 40 हैं। उन आंकड़ों का माध्य ज्ञात कीजिए। (मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करते हुए)

Ans

✗ A. 47.6

✗ B. 45.2

✔ C. 36.9

✗ D. 38.8

Q.31 दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (H.C.F.) और लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) क्रमशः 18 और 1296 है। यदि उनमें से एक संख्या 162 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 126

✗ B. 108

✔ C. 144

✗ D. 180

Q.32 एक अधिकारी के वेतन में से 10% की कटौती मकान के किराये के रूप में की जाती है। वह शेष राशि का 20% परिवहन पर, शेष राशि का 20% इनकम टैक्स पर, और शेष राशि का 10% कपड़ों पर खर्च करता है। उसके पास ₹23,328 बचते हैं। उसका कुल वेतन कितना है?

Ans

✗ A. ₹35,000

✗ B. ₹40,000

✔ C. ₹45,000

✗ D. ₹30,000

Q.33 6.5, 10.7, 20.2 और a का औसत 15 है। a का मान क्या होगा?

Ans

✔ A. 22.6

✗ B. 23.6

✗ C. 24.6

✗ D. 21.6

**Q.34** A और B एक ही समय पर क्रमशः X और Y बिंदुओं से एक-दूसरे की ओर चलना शुरू करते हैं। रास्ते में मिलने के बाद, A और B को क्रमशः Y और X तक पहुँचने में क्रमशः 90.9 घंटे और p घंटे लगते हैं। यदि B की चाल, A की चाल से 50% अधिक है, तो p का मान क्या है?

**Ans**
- ✔ A. 40.4
- ✘ B. 38.9
- ✘ C. 39.7
- ✘ D. 42.4

**Q.35** एक किसान दो प्रकार के उर्वरकों, A और B, को मिलाकर 42% नाइट्रोजन युक्त 20 kg उर्वरक मिश्रण तैयार करना चाहता है। उर्वरक A में 30% नाइट्रोजन है और उर्वरक B में 50% नाइट्रोजन है। उसे मिश्रण में प्रत्येक उर्वरक का कितना किलोग्राम मिलाना चाहिए?

**Ans**
- ✘ A. A का 6 kg, B का 14 kg
- ✔ B. A का 8 kg, B का 12 kg
- ✘ C. A का 10 kg, B का 10 kg
- ✘ D. A का 12 kg, B का 8 kg

**Q.36** सुधा का व्यय उसकी बचत से 175% अधिक है। यदि उसका व्यय 12% कम हो जाता है और बचत 40.5% बढ़ जाती है, तो उसकी आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?

**Ans**
- ✘ A. 6%
- ✘ B. 7%
- ✘ C. 4%
- ✔ D. 2%

**Q.37** ₹3,300 के मूलधन पर वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. ₹4,939
- ✘ B. ₹3,583
- ✔ C. ₹3,993
- ✘ D. ₹3,826

**Q.38** राहुल का मासिक व्यय उसकी मासिक आय का 75% है। यदि उसकी मासिक बचत ₹10,000 है, तो उसकी मासिक आय की गणना कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. ₹30,000
- ✘ B. ₹45,000
- ✘ C. ₹50,000
- ✔ D. ₹40,000

**Q.39** यदि ₹2,239 को 269 बच्चों में इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि प्रत्येक लड़की और प्रत्येक लड़के को क्रमशः ₹7 और ₹9 प्राप्त होते हैं, तो लड़कों की संख्या कितनी है?

**Ans**
- ✔ A. 178
- ✘ B. 218
- ✘ C. 238
- ✘ D. 138

**Q.40** एक दुकानदार अंकित मूल्य पर 20% की छूट देने के बाद 10% का लाभ अर्जित करता है। ₹880 अंकित मूल्य वाले वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. ₹704
- ✘ B. ₹774
- ✔ C. ₹640
- ✘ D. ₹680

Q.41 P और Q मिलकर एक टंकी को 3 घंटे में पानी से भर सकते हैं। यदि P अकेले उस टंकी को 12 घंटे में पानी से भर सकता है, तो Q अकेले उसी टंकी के एक-चौथाई भाग को कितने घंटे में पानी से भरेगा?

Ans
✔ A. 1
✘ B. 3
✘ C. 4
✘ D. 2

Q.42 एक समबहुभुज में विकर्णों की संख्या 9 है। बहुभुज के एक अंतः कोण और एक बाह्य कोण के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. $60^\circ$
✘ B. $70^\circ$
✘ C. $55^\circ$
✘ D. $48^\circ$

Q.43 बीना ने श्याम को एक वस्तु 19% की हानि पर ₹4,860 में बेची। फिर श्याम ने वही वस्तु हरि को उतनी कीमत पर बेची जितनी कीमत बीना द्वारा उस वस्तु को 17% लाभ के साथ बेचने पर प्राप्त होता। श्याम का लाभ कितना है?

Ans
✘ A. ₹1,260
✔ B. ₹2,160
✘ C. ₹1,740
✘ D. ₹2,520

Q.44 ₹5,398 को X, Y और Z के बीच इस प्रकार बांटा जाता है कि यदि उनके हिस्सों में से क्रमशः ₹16, ₹15 और ₹75 की कटौती कर ली जाए, तो उनके पास 2 : 21 : 4 के अनुपात में धनराशि बचती है। Y और Z के मूल हिस्सों में अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. ₹3,272
✘ B. ₹3,282
✘ C. ₹3,232
✘ D. ₹3,182

Q.45 यदि $\sec^2 A + \mathrm{cosec}^2 A = 13$ है, तथा A एक न्यून कोण है, तो $\tan^2 A + \cot^2 A$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 15
✘ B. 9
✘ C. 12
✔ D. 11

Q.46 पाँच वर्ष पहले, प्रिया की आयु और मीरा की आयु का अनुपात 3 : 2 था। उनकी वर्तमान आयु का अंतर 10 वर्ष है। मीरा की वर्तमान आयु कितनी है?

Ans
✔ A. 25 वर्ष
✘ B. 35 वर्ष
✘ C. 29 वर्ष
✘ D. 20 वर्ष

Q.47 दो पाइप, M और N, एक टंकी को क्रमशः 10 मिनट और 15 मिनट में भर सकते हैं। दोनों पाइप एक साथ खोले जाते हैं लेकिन 5 मिनट बाद, पाइप M को बंद कर दिया जाता है। टंकी को भरने में कुल कितना समय लगेगा?

Ans
✘ A. 5 मिनट
✘ B. 5.5 मिनट
✘ C. 10 मिनट
✔ D. 7.5 मिनट

Q.48 यदि किसी गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल 5544 $cm^2$ है, तो उसका व्यास (cm में) ज्ञात कीजिए। ($\pi$ = 22/7 का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✗ A. 21
- ✗ B. 40
- ✓ C. 42
- ✗ D. 36

Q.49 रश्मी ने ₹6,800 में 34 मोबाइल स्टैंड खरीदे। अब वह इन स्टैंडों को बेचकर एक लघु व्यवसाय शुरू करने का फैसला करती है। वह ₹13,600 में कितने मोबाइल स्टैंड खरीद सकती है?

Ans
- ✓ A. 68
- ✗ B. 67
- ✗ C. 66
- ✗ D. 65

Q.50 100 मीटर की दौड़ में, A कोई निश्चित दूरी 36 सेकंड में तय करता है और B वही दूरी 45 सेकंड में तय करता है। इस दौड़ में A, B को ____________ से हराता है।

Ans
- ✗ A. 22 मीटर
- ✓ B. 20 मीटर
- ✗ C. 23 मीटर
- ✗ D. 17 मीटर

## Section : General Intelligence and Reasoning

Q.51 एक निश्चित कूट भाषा में, 'LEMA' को '5681' और 'ALES' को '6513' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'S' का कूट क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 6
- ✓ B. 3
- ✗ C. 5
- ✗ D. 1

Q.52 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
155 163 179 187 203 ?

Ans
- ✗ A. 215
- ✓ B. 211
- ✗ C. 209
- ✗ D. 213

Q.53 यदि '+' का अर्थ 'घटाना' है, '−' का अर्थ 'गुणा' है, '×' का अर्थ 'भाग' है और '÷' का अर्थ 'जोड़' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

19 + 32 × 4 ÷ 9 − 3 =?

Ans
- ✓ A. 38
- ✗ B. 35
- ✗ C. 32
- ✗ D. 37

Q.54 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएँ) C X Z A L P W T M D B R O J K F G V Q H E N (दाएँ)

श्रृंखला में अक्षर "L" का बाएँ छोर से स्थान क्या है?

Ans
- ✗ A. चौथा
- ✗ B. छठा
- ✗ C. सातवाँ
- ✓ D. पाँचवाँ

Q.55 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. HMP
- ✗ B. YCF
- ✗ C. VZC
- ✗ D. DHK

Q.56 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करके श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बना देगा?

DHK31 EIL40 FJM49 GKN58 ?

Ans
- ✗ A. HLP67
- ✗ B. HLP68
- ✗ C. HLO68
- ✓ D. HLO67

Q.57 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

32 42 57 77 102 ?

Ans
- ✗ A. 131
- ✓ B. 132
- ✗ C. 133
- ✗ D. 134

Q.58 छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D और E के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। F, D के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। A, C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। B, A के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। पंक्ति के बाएं छोर पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. D
- ✗ B. A
- ✓ C. C
- ✗ D. E

Q.59 सभी 133 व्यक्ति उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। Mr. Lkj दाएँ छोर से 24वें स्थान पर है जबकि Mr. Ihg बाएँ छोर से 33वें स्थान पर है। Mr. Lkj और Mr. Ihg के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans
- ✗ A. 77
- ✗ B. 75
- ✓ C. 76
- ✗ D. 78

**Q.60** एक निश्चित कूट भाषा में, 'MULE' को '7536' और 'LUKE' को '6723' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'K' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**
- ✔ A. 2
- ✘ B. 6
- ✘ C. 7
- ✘ D. 3

**Q.61** उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

**BKQ:FOU**
**DJM:HNQ**

**Ans**
- ✔ A. ELO:IPS
- ✘ B. VTO:FRS
- ✘ C. BST:HIS
- ✘ D. TYP:VHU

**Q.62** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✘ A. KPS
- ✘ B. GLO
- ✘ C. NSV
- ✔ D. VZC

**Q.63** उस समुच्चय का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि 13 पर ही की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ने तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

**(188, 47, 45)**
**(224, 56, 54)**

**Ans**
- ✘ A. (248, 68, 66)
- ✘ B. (152, 38, 32)
- ✘ C. (332, 83, 77)
- ✔ D. (284, 71, 69)

**Q.64** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से DUBW का संबंध PGNI से है। उसी तरीके से, ZQXS का संबंध LCJE से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, JAHC का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

**Ans**
- ✘ A. VMOT
- ✔ B. VMTO
- ✘ C. VTIO
- ✘ D. VBHY

**Q.65** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**170 ÷ 2 − 150 ÷ 2 + 254 × 2 − 156 × 3 − 10 = ?**

**Ans**
- ✘ A. 421
- ✘ B. 601
- ✔ C. 575
- ✘ D. 497

Q.66 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए,निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए?

XUE 19, BYI 27, FCM 35, JGQ 43, ?

Ans
- ✗ A. MKV 51
- ✗ B. NLU 52
- ✓ C. NKU 51
- ✗ D. LJU 52

Q.67 फवाद, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 13 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है, फिर वह दाएं मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। इसके बाद, वह दाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है और 1 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
- ✗ A. 3 km, पूर्व की ओर
- ✗ B. 4 km, पूर्व की ओर
- ✗ C. 2 km, पूर्व की ओर
- ✓ D. 1 km, पूर्व की ओर

Q.68 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

57 68 79 90 101 ?

Ans
- ✗ A. 116
- ✗ B. 111
- ✗ C. 117
- ✓ D. 112

Q.69 यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 475 326 157 761 829 (दाएं)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।
यदि सभी संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितनी संख्याओं का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. एक
- ✗ C. एक का भी नहीं
- ✓ D. तीन

Q.70 प्रीति अपनी कक्षा में नीचे से 9वें और ऊपर से 8वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✗ A. 13
- ✗ B. 15
- ✓ C. 16
- ✗ D. 14

Q.71 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से IKLO का संबंध XZAD से एक है। उसी तरीके से, QSTW का संबंध FHIL से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, JLMP का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
- ✗ A. YEAB
- ✗ B. YRTE
- ✓ C. YABE
- ✗ D. YBDE

Q.72 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।
कथन: कुछ कुकीज़, जूस हैं। सभी जूस, ब्रेड हैं।
निष्कर्ष (I): कुछ ब्रेड, कुकीज़ हैं।
निष्कर्ष (II): कोई कुकीज़, ब्रेड नहीं है।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✓ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q.73 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
A # B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'L × O # V + E @ R' है, तो L का R से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पुत्री
- ✗ B. पत्नी
- ✗ C. पिता के भाई की पुत्री
- ✓ D. पिता के भाई की पत्नी

Q.74 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ अंगूर, संतरे हैं।
सभी संतरे, सेब हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ अंगूर, सेब हैं।
(II) सभी सेब, संतरे हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✓ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q.75 सात व्यक्ति S, Q, U, A, R, E और D एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U और E के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D के दाईं ओर केवल Q बैठा है। E और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। S, A के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है लेकिन R के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। R और A के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✓ A. दो
- ✗ B. तीन
- ✗ C. चार
- ✗ D. एक

Q.76 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 2 5 6 & 8 & < $ < 7 4 ^ $ 6 5 9 2 & 7 2 % (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद एक अन्य प्रतीक है?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. एक भी नहीं
- ✓ C. दो
- ✗ D. एक

Q.77 J, K, L, M, N और O, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। L और M दोनों का निकटतम पड़ोसी N है। J, L के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। K, N के दाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। M के बाएँ से गिनती करने पर, J और M के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✔ A. दो
- ✗ B. चार
- ✗ C. एक
- ✗ D. तीन

Q.78 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। (गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।) (सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।)
(बाएँ) 9 8 7 6 5 4 3 2 1 3 9 8 7 6 (दाएँ)
ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद में भी एक विषम संख्या है?

Ans
- ✔ A. तीन से अधिक
- ✗ B. तीन
- ✗ C. एक
- ✗ D. दो

Q.79 यदि संख्या 5341256 के प्रत्येक विषम अंक में 3 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े अंक और सबसे छोटे अंक के बीच अंतर क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 0
- ✔ B. 8
- ✗ C. 4
- ✗ D. 2

Q.80 दीपू बिंदु K से ड्राइव करना आरंभ करता है और पूर्व की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह दाएँ मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। अंत में, वह दाएँ मुड़ता है और 5 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु K पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
- ✗ A. 8 km, दक्षिण की ओर
- ✗ B. 5 km, पश्चिम की ओर
- ✗ C. 10 km, उत्तर की ओर
- ✔ D. 10 km, पश्चिम की ओर

## Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81 कोपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस (C3S) के अनुसार, जनवरी 2025 में किस भारतीय शहर में ताप व्युत्क्रमण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के कारण वायु प्रदूषण का स्तर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था?

Ans
- ✗ A. बेंगलुरु
- ✗ B. मुंबई
- ✔ C. नई दिल्ली
- ✗ D. चेन्नई

Q.82 निम्नलिखित में से कौन-सा, 2025 में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (Shanghai Cooperation Organization - SCO) का पूर्ण वार्षिक शिखर सम्मेलन था, जहाँ बहुपक्षीय सहयोग, आर्थिक लचीलापन और वैश्विक-दक्षिण विकास प्राथमिकताओं पर विशेष बल दिया गया था?

Ans
- ✔ A. तियानजिन SCO शिखर सम्मेलन
- ✗ B. अस्ताना SCO शिखर सम्मेलन
- ✗ C. नई दिल्ली SCO शिखर सम्मेलन
- ✗ D. समरकंद SCO शिखर सम्मेलन

| | |
|---|---|
| Q.83 | संयुक्त राष्ट्र के 'इंटर-एजेंसी ग्रुप फॉर चाइल्ड मॉर्टलिटी एस्टीमेशन' (The United Nations Inter-agency Group for Child Mortality Estimation- UN IGME) की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने शून्य टीकाकरण वाले बच्चों के प्रतिशत को 2023 में 0.11% से घटाकर 2024 में कितने प्रतिशत तक लाकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है? |
| Ans | ✗ A. 0.09%<br>✓ B. 0.06%<br>✗ C. 0.03%<br>✗ D. 0.10% |

| | |
|---|---|
| Q.84 | बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 का प्रयोजन क्या था? |
| Ans | ✗ A. बैंकिंग कार्यों को कम करना और उनका पुनर्गठन करना<br>✓ B. जमाकर्ताओं और निवेशकों के लिए बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करना<br>✗ C. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का निजीकरण और आधुनिकीकरण करना<br>✗ D. विदेशी बैंक निवेशों को सीमित और विनियमित करना |

| | |
|---|---|
| Q.85 | केंद्र सरकार ने जनवरी 2025 में चरम मौसम की घटनाओं से निपटने के लिए एक नया जलवायु अनुकूलन कार्यक्रम शुरू किया। इस पहल का नाम क्या है? |
| Ans | ✗ A. राष्ट्रीय जलवायु अनुकूलन योजना<br>✗ B. ग्रीन इंडिया मिशन<br>✗ C. जलवायु अनुकूलन पहल<br>✓ D. मिशन मौसम |

| | |
|---|---|
| Q.86 | निम्नलिखित में से किस बैंक ने राजीव आनंद को **25** अगस्त, **2025** से शुरू हुए तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में नियुक्त किया? |
| Ans | ✗ A. कोटक महिंद्रा बैंक (Kotak Mahindra Bank)<br>✓ B. इंडसइंड बैंक (IndusInd Bank)<br>✗ C. IDFC फर्स्ट बैंक (IDFC First Bank)<br>✗ D. ऐक्सिस बैंक (Axis Bank) |

| | |
|---|---|
| Q.87 | 26 मार्च 2025 को, DRDO और भारतीय नौसेना ने चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) से किस मिसाइल का सफलतापूर्वक उड़ान-परीक्षण किया? |
| Ans | ✗ A. SAMAR-1<br>✗ B. Akash-NG<br>✗ C. Astra Mk-2<br>✓ D. VLSRSAM |

| | |
|---|---|
| Q.88 | नई दिल्ली में आयोजित ईस्पोर्ट्स कॉन्क्लेव 2025 (Esports Conclave 2025) का उद्घाटन किसने किया? |
| Ans | ✗ A. नरेंद्र मोदी<br>✓ B. रक्षा निखिल खडसे<br>✗ C. मनसुख मांडविया<br>✗ D. अनुराग ठाकुर |

| | |
|---|---|
| Q.89 | मार्च 2025 में, कौन-सा राष्ट्रीय उद्यान (NP) भारत का 58वां बाघ अभयारण्य (टाइगर रिजर्व) बना? |
| Ans | ✗ A. सतपुड़ा NP<br>✗ B. कान्हा NP<br>✓ C. माधव NP<br>✗ D. रातापानी NP |

**Q.90** दिसंबर 2025 में, किस संस्थान ने "वाई-पॉइंट वेंचर कैपिटल फंड (Y-Point Venture Capital Fund)" नामक भारत का पहला इनक्यूबेटर-लिंक्ड डीप टेक्नोलॉजी वेंचर कैपिटल फंड लॉन्च किया?

Ans
- ✗ A. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास
- ✗ B. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर
- ✗ C. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली
- ✓ D. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे

**Q.91** 2025 में, 21वें थर्ड आई एशियन फिल्म फेस्टिवल (Third Eye Asian Film Festival) में सत्यजीत रे मेमोरियल अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया?

Ans
- ✗ A. जावेद अली खान
- ✗ B. शाहरुख खान
- ✓ C. रफीक बगदादी
- ✗ D. अमिताभ बच्चन

**Q.92** भूटान में आयोजित 15वीं दक्षिण एशियाई बॉडीबिल्डिंग और फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 में, 155 cm तक की महिला मॉडल फिजिक स्पर्धा में किस भारतीय एथलीट ने स्वर्ण पदक जीता?

Ans
- ✓ A. याजिक हिलांग
- ✗ B. भावना टोकेकर
- ✗ C. अंजू बॉबी जॉर्ज
- ✗ D. आकांक्षा चौधरी

**Q.93** किस भारतीय डाक्यूमेंट्री को सनडांस 2025 में 'वर्ल्ड सिनेमा डॉक्यूमेंट्री स्पेशल जूरी अवार्ड फॉर क्राफ्ट' मिला?

Ans
- ✓ A. अनिर्बान दत्ता और अनुपमा श्रीनिवासन द्वारा नॉक्टर्न्स (Nocturnes by Anirban Dutta and Anupama Srinivasan)
- ✗ B. के. सत्यनारायण द्वारा होप (Hope by K Sathyanarayan)
- ✗ C. सैखोम रतन द्वारा बियॉन्ड ब्लास्ट (Beyond Blast by Saikhom Ratan)
- ✗ D. मीना लोंगजाम द्वारा इको (Echo by Meena Longjam)

**Q.94** आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025, विदेशी आगंतुकों के लिए कौन-सा प्रमुख सुधार प्रस्तुत करता है?

Ans
- ✗ A. स्वचालित 10-वर्षीय वीज़ा
- ✓ B. रियल-टाइम निगरानी और जांच
- ✗ C. चुनिंदा देशों के लिए यात्रा दस्तावेजों की छूट
- ✗ D. निकास जांच से छूट

**Q.95** अक्टूबर 2024 में, डिएगो गार्शिया सहित चागोस द्वीपसमूह (Chagos Archipelago) पर मॉरीशस की संप्रभुता की वापसी पर किन दो देशों ने एक ऐतिहासिक राजनीतिक समझौता किया?

Ans
- ✗ A. मॉरीशस गणराज्य और फ्रांस
- ✗ B. जर्मनी और मॉरीशस गणराज्य
- ✓ C. मॉरीशस गणराज्य और यूनाइटेड किंगडम
- ✗ D. संयुक्त राज्य अमेरिका और मॉरीशस गणराज्य

**Q.96** मैड्रिड में आयोजित 2025 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स में, फुटबॉल श्रेणी में लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर का पुरस्कार किसने जीता?

Ans
- ✓ A. ऐताना बोनमाटी (Aitana Bonmatí)
- ✗ B. सिमोन बाइल्स (Simone Biles)
- ✗ C. फेथ किपयेगॉन (Faith Kipyegon)
- ✗ D. शैली-एन फ्रेजर-प्राइस (Shelly-Ann Fraser Pryce)

| | | |
|---|---|---|
| Q.97 | भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयोजित FIH हॉकी प्रो लीग 2024-25 (पुरुष) किस देश ने जीती? | |
| Ans | ✗ A. पाकिस्तान<br>✗ B. भारत<br>✓ C. जर्मनी<br>✗ D. बेल्जियम | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.98 | फरवरी 2025 में, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने एक परिपत्र जारी किया जिसके अनुसार ग्राहक, जीवन और स्वास्थ्य नीतियों के प्रीमियम भुगतान को किस विधि के माध्यम से ब्लॉक कर सकते हैं? | |
| Ans | ✗ A. स्टैंडिंग डेबिट ऑर्डर<br>✗ B. चेक स्टॉप<br>✓ C. UPI वन-टाइम मैंडेट<br>✗ D. ECS रिकरिंग मैंडेट | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.99 | 2025 में आयोजित त्रि-सेनाएं अकादमिक प्रौद्योगिकी संगोष्ठी (T-SATS) का मुख्य उद्देश्य क्या था? | |
| Ans | ✗ A. त्रि-सेनाएं प्रौद्योगिकी कमान की स्थापना करना<br>✓ B. शैक्षणिक अनुसंधान एवं विकास को भविष्य की रक्षा प्रौद्योगिकी आवश्यकताओं के अनुरूप ढालना<br>✗ C. रक्षा संस्थानों के साथ अकादमिक संपर्क को मजबूत करना<br>✗ D. रक्षा नवाचार में निजी क्षेत्र के नेतृत्व का विस्तार करना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.100 | विश्व बैंक के 2025 के गिनी सूचकांक के अनुसार, आय वितरण के मामले में किस देश को चौथे सबसे समतामूलक देश का दर्जा दिया गया है? | |
| Ans | ✗ A. जापान<br>✗ B. स्वीडन<br>✓ C. भारत<br>✗ D. कनाडा | |

"